DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

विशेषज्ञों के नेतृत्व से प्रभावी होगा गुड गवर्नेंस

दून विवि

- प्रो. सुरेखा बोलीं, लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव और डीआईटी विवि के कुलाधिपति डॉ. एन रवि शंकर ने कहा कि लैटरल एंट्री माध्यम से उन पेशेवर विशेषज्ञों को सरकारी सेवा में कार्य करने के अवसर मिल रहे हैं जिन्होंने अपने प्रोफेशन में विशेषज्ञता के आधार पर उपलब्धियां हासिल की है। विशेषज्ञों के नेतृत्व से गुड गवर्नेंस प्रभावी होगा। डॉ. एन रवि शंकर रविवार को दून विवि में आयोजित लैटरल एंट्री सिविल सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों के ओरियंटेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम गांव केंद्रित नीति निर्धारण और क्रियान्वयन में गति लायें जिससे गांवों की आर्थिकी सुदृढ़ हो। राज्य नियोजन विभाग के सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस प्रकोष्ठ के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. मनोज पंत ने राज्य सरकार की जनकल्याण नीतियों का जिक्र किया।

दून विवि की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने कहा कि आम व्यक्ति को सरकार से बड़ी उम्मीदें रहती हैं और उनकी उम्मीदों को पूरा करने में अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। योजनाएं जनकल्याण और विकास की बनती हैं परंतु कई बार योजनाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचने में समय लग जाता है।

संचालन करते हुए स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के डीन प्रोफेसर आरपी ममगांई ने कहा कि लैटरल एंट्री के माध्यम से उन विशेषज्ञों को सरकारी तंत्र में कार्य करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं जिन्होंने एक लंबे कालखंड तक अपनी विशेषज्ञता के आधार पर उस पेशे में कार्य किया है। दून विवि के स्कूल आफ मैनेजमेंट के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर एचसी पुरोहित, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी एंड एडमिनिस्ट्रेशन नई दिल्ली के प्रोफेसर वीएन आलोक, साइंस डीन डॉ. अरुण कुमार, उपकुल सचिव नरेंद्र लाल, पीयूष शर्मा, रोहित शर्मा, अनिमेश सहित 25 प्रशिक्षु अधिकारी भी मौजूद रहे।

दून विवि में रविवार को लैटरल एंट्री सिविल सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों का ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। • हिन्दुस्तान

News paper – Hindustan
Date – 20.05.2024